**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

# सीईएन आरपीएफ 01/2024

उप-निरीक्षक (कार्यकारी) की भर्ती

## आरपीएफ/आरपीएसएफ में उप-निरीक्षक (कार्यकारी) के पद के लिए पीईटी/पीएमटी/डीवी का संभावित कार्यक्रम

कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) में योग्यता के आधार पर, शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी), शारीरिक मापन परीक्षा (पीएमटी), और दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के लिए भर्ती के अगले चरण (पीईटी/पीएमटी/डीवी) का संभावित कार्यक्रम इस प्रकार है:

- संभावित तिथियां : **22-06-2025 से 02-07-2025**
- रिपोर्टिंग का समय : **सुबह 04:00 बजे**
- स्थान : **जगजीवन राम आरपीएफ अकेडमी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

**निर्देश**

1. निश्चित तिथियों की घोषणा जल्द ही आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर की जाएगी। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भी सूचनाएं प्राप्त होंगी।
2. ई-कॉल लेटर प्रत्येक अभ्यर्थी की निर्धारित पीईटी/पीएमटी तिथि से 02 सप्ताह पहले आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। सभी अभ्यर्थी अपने ई-कॉल लेटर में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. पीईटी/पीएमटी के पश्चात, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) उसी दिन ही किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को अपने सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज और स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के दो सेट लाने अनिवार्य हैं ।
4. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्या आरपीएफ 01/2024 (एसआई) में दिए गए सभी निर्देशों और विवरणों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें।

**दिनांक: 03-06-2025**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

*ऐसे दलालों से सावधान रहें जो अवैध विचार पर नौकरियों के लिए नियुक्ति के झूठे वादों से उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होते हैं और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित होती है। सोशल मीडिया व अनोपचारिक स्रोत पर प्रसारित जानकारी से गुमराह न हों, केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित नोटिस को ही देखें।*